राजस्थान पत्रिका
झालावाड़, गुरुवार,
23 मार्च, 2023

झालावाड़ पत्रिका

झालरापाटन . अकलेरा . भवानीमंडी . पिड़ावा . चौमहला . मनोहरथाना . बकानी . डग . सुनेल . खानपुर

पद्मश्री कैलाश खेर के गीतों पर झूमे श्रोता

पेज@11.

patrika.com
पत्रिका डिजिटल कनेक्ट
आपके साथ चलेंगी खबरें
पत्रिका डिजिटल पर अपनी खबर का व्यापक कवरेज, वीडियो व फोटो देखने और अपनी राय रखने के लिए संबंधित लोगो के साथ दिए लिंक को मोबाइल पर टाइप करें...
यहां आपकी या आपके क्षेत्र की खबर से जुड़ा वीडियो अपने मोबाइल फोन पर देख सकते हैं।
इस लिंक की मदद से देखें घटना-कार्यक्रम से जुड़ी अन्य तस्वीरें।
यहां मिलेगी खबर से जुड़ी विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत और एक्सक्लुसिव जानकारी।
अपने शहर, प्रदेश और देश-दुनिया के मुद्दे से जुड़े ऑनलाइन सर्वे में शामिल होकर दें अपनी राय।
आप संबंधित मुद्दे-खबर पर अपने विचार कमेंट बॉक्स में बता सकते हैं।
पत्रिका टीवी पर देखें पल पल की खबरों के अपडेट और व्यापक कवरेज। पत्रिका के यूट्यूब चैनल पर देखें खबरों के ताजा वीडियो।

झालावाड़. नवसंवत्सर के मौके पर निकाली शोभायात्रा में शामिल लोग।

झालावाड़. वाहन पर रैली में शामिल महिलाएं व नृत्य करते युवा।

भगवामय हुआ झालावाड़, निकला जुलूस, मातृशक्ति केसरिया पोशाक में शामिल हुई

सड़कों पर उमड़ा पूरा शहर, चहुंओर रही जय श्री राम की गूंज

पत्रिका धर्म-कर्म

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

झालावाड़. नवसंवत्सर का आगाज बुधवार को हुआ। शहर में हिन्दू नववर्ष समिति के तत्वावधान में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत राजकीय पीजी कॉलेज के सामने से 2.30 बजे मीपाधाम के संत झंकारेश्वर दास त्यागी महाराज ने हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया। जुलूस में सबसे आगे युवाओं की टीम केसरियां पताका लेकर चल रही थी, तो कई युवा धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। चारों तरफ श्रीराम के भजनों की गूंज सुनाई दें रही थी। जुलूस में बग्घी पर सवार श्रीराम की झांकी आगे-आगे चल रही थी। नववर्ष के स्वागत में बुधवार को पूरा शहर उमड़ पड़ा। जुलूस में इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। लोग एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए चल रहे थे। जुलूस मामा-भांजा चौराहा, मूर्ति चौराहा, मंगलपुरा, बस स्टैंड, बड़े बाजार होते हुए गढ़ परिसर में समाप्त हुआ, जहां शाम को महाआरती के बाद द्वारकेश महाराज का उद्बोधन हुआ। शहर में जगह-जगह चौराहें व जुलूस मार्ग को केसरिया पताकाओं से जोरदार तरीके से सजाया गया।

झालावाड़. हिन्दू नवसंवत्सर पर केसरिया ध्वज लहराते हुए भजनों पर नाचते युवा।

झालावाड़. जुलूस में नासिक के ढोल बजाते युवा।

झालावाड़. मंच पर रास लीला का मंचन करते श्रीकृष्ण।

झालावाड़. नृत्य करते हुए कलाकार।

झांकियों ने मोहा मन

जुलूस में कोटा के महाकाल ग्रुप द्वारा हनुमानजी, कृष्णा, राधाकृष्ण, शिव पार्वती सहित एक दर्जन से अधिक सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। वहीं वृंदावन के कलाकारों ने भी राधा-श्रीकृष्णा की रासलीलाओं का मंचन किया।

तोपों व ग्लाइडर से हुआ स्वागत

,जुलूस में उज्जैन की तोपों से जगह-जगह स्वागत किया गया। उज्जैन की भस्म रमैया पार्टी के साथ शिव नृत्य करते हुए चल रहे थे, वहीं नासिक का ढोल भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

एक दर्जन से अधिक जगह हुआ स्वागत

शहर में निकले भव्य जुलूस का एक दर्जन से अधिक स्थानों पर जोरदार स्वागत हुआ। जिसमें शहरवासियों ने पूड़ी-सब्जी, फल, शर्बत, चाय, दूध आदि के साथ स्वागत किया। स्वागत करने वालों में श्रीकृष्ण गोसेवा समिति, वाल्मीकि समाज, जीतमलजी की धर्मशाला, पोरवाल परिवार, धाकड़ समाज, बड़ के बालाजी सेवा समिति, ओम सुपर मार्केट, अग्रवाल समाज, माली समाज, सूर्यमुखी हनुमान मंदिर, विश्व हिन्दू परिषद, भाटिया एंड कंपनी, जाखड़, एमआर, जगदम्बा ट्रैवल्स, सुमन कंस्ट्रक्शन कंपनी, यादव अहीर समाज, राठौर समाज, कोटा वाला परिवार, प्रजापति समाज, पाटीदार समाज, शगुन ग्रीन सिटी, लाइन क्लब, रोटरी व इनर व्हील क्लब, आतिथ्यि रेस्टोरेंट, विश्वकर्मा समाज, सूरज ड्रग्स स्टोर, मंगलपुरा व्यापार समिति, दाऊजी मंदिर, शिवशक्ति गणपति सेवा समिति मुस्लिम समाज,हिन्दू परिषद, श्रीरामसेवासमिति, खेजड़ी के बालाजी मंदिर समिति सहित कई लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

झांकियां सजाई

जुलूस में आदर्श विद्या मंदिर की ओर से सजीव झांकी शामिल की गई। जिसमें भगतसिंह, महाराणा प्रताप, चन्द्र शेखर आजाद, स्वामी विवेकानन्द, भारत माता आदि की सजीव झांकियां सजाई गई।

समिति ने जताया आभार

हिन्दू वर्ष के मौके पर बुधवार को शांतिपूर्वक जुलूस निकलने पर समिति की ओर से ज़िला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

सृष्टि की उत्पत्ति से पहले व बाद में भी हिन्दू वैदिक धर्म था- द्वारकेश महाराज

झालावाड़. हिन्दू नववर्ष जुलूस के समापन पर गढ़ गणपति मंदिर पर द्वारकेश महाराज, संत झंकारेश्वर दास व राजपरिवार के पूर्व सदस्य चन्द्रजीतसिंह ने महाआरती की। इसके बाद द्वारकेश महाराज ने कहा कि जिस दिन से सृष्टि का प्रारंभ हुआ, उसी दिन से सनातन धर्म की स्थापना हुई। सृष्टि के पूर्व व विनाश के बाद भी जो रहने वाला है, वो है सनातन धर्म। हिन्दू व सनातन धर्म की परम्परा में जीने वालों के लिए ये गौरव का विषय है कि जहां सभी हिन्दू धर्म की विचारधाराएं एक है।

हिन्दू धर्म की जड़ में चारों वेद है। उसके स्तभ में हिन्दू वैदिक सनातन धर्म है। वृक्ष की शाखाएं अलग-अलग होती है, उसी तरह से हिन्दू धर्म की कई शाखाएं है। महाराज ने कहा कि अलग-अलग विचारधाराओं के लिए संत वैसी ही बात करते हैं। लोग अपने-अपने इष्ट का स्मरण करते हैं। हमारा धर्म व संस्कृति, परम्पराएं क्या हैं ये प्रत्येक हिन्दू को जानना चाहिए। आज ही के दिन सनातन धर्म की स्थापना हुई थी, इसलिए ये दिन विशेष है। संत झंकारेश्वरदास महाराज ने मन के विकार निकाल कर सजनता को धारण करने की बात कही। राजपरिवार के पूर्व सदस्य चंद्रजीतसिंह ने आभार जताया।

Scanned with CamScanner

झालावाड़ भास्कर

कोटा | गुरुवार, 23 मार्च, 2023 dainikbhaskar.com • अकलेरा • डग झालरापाटन • भवानीमंडी • खानपुर

अभिनंदन नवसंवत्सर-2080

उत्सवमयी झालावाड़...भगवा रंग में रंगा शहर

नवसंवत्सर पर निकली तीन किमी लंबी शोभायात्रा

उज्जैन के जय श्रीमहाकाल ग्रुप ने ताशे, नासिक के ढोल और दिल्ली व वृंदावन के कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

यह रहा खास

भास्कर न्यूज | झालावाड़

भक्ति गीतों के साथ उत्साह से नृत्य करते युवा-युवतियां व नासिक के ढोल के साथ भगवान राम के जयकारों से

हनुमान चालीसा से हुई शोभायात्रा की शुरुआत

Scanned with CamScanner